## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुक्तिधाम सेवा समिति ने किया वृद्धा का अंतिम संस्कार

**महासमुंद।** स्थानीय नयापारा स्थित संतोषी मंदिर के समीप निवासी महराजिन दाई का 12 मई को निधन हो गया। मृतिका वर्षों से नयापारा में अकेली रहती थीं। उनके निधन की सूचना पर मुक्तिधाम सेवा समिति ने दलदली रोड स्थित मुक्तिधाम में उनका ससम्मान अंतिम संस्कार किया। इस दौरान समिति के अशोक साहू, डॉ एजाज नकवी, डॉ जे शुक्ला, गोपाल वर्मा, ओमप्रकाश औसर, मोहन बावनकर, राजू चन्द्राकर, अशोक सोनी, विजय ठाकुर, फगवा पटेल, मनोज पटेल, गुमानचन्द जैन, कृष्ण कुमार ध्रुव, मुन्ना, डीसी भोसले आदि उपस्थित रहे।

### होलीक्रास स्कूल का एक हिस्सा आधी रात में गिरा, कोई हताहत नहीं

**रायपुर।** रायपुर के बैरनबाजार स्थित होलीक्रॉस स्कूल का एक हिस्सा अचानक सड़क की तरफ गिर गया। हादसा रात करीब 12 बजे हुआ। इस दौरान सड़क सुनी होने के कारण हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। मिली जानकारी के अनुसार होलीक्रास स्कूल में मरम्मत का कार्य चल रहा है। बीती रात करीब 12 बजे स्कूल के सामने तरफ के ऊपर का कुछ हिस्सा अचानक सड़क की तरफ भड़भड़ाकर गिर गया। चूंकि यह हादसा देर रात में हुआ है और इस दौरान सड़क सुनी थी, इसलिए हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है।

### पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित

**कोरबा।** भारत सरकार द्वारा पद्म पुरस्कार श्रृंखला के तहत पद्म विभूषण एवं पद्मश्री पुरस्कारों के लिए वर्ष 2019-20 हेतु आनलाईन नामांकन वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट पद्मअवार्ड्स डाट जीओव्ही डाट इन के माध्यम से भरे जायेंगे। पुरस्कार हेतु निर्धारित पात्रता एवं मापदंड की जानकारी उक्त वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है।

### बिना अनुमति तोड़ दिया मुनारा

**कोरबा।** तालाब बनाने वन विभाग की मुनारा तोड़ने की शिकायत कलेक्टर व डीएफओ से की गई है। कोरबा ब्लॉक के ग्राम पंचायत फुलसरी के समरकना गांव में दो साल पहले मनरेगा के तहत सिरकीबहार तालाब का निर्माण कराया है। इसके लिए ग्राम पंचायत निर्माण एजेंसी ने वन विभाग के बिना अनुमति के मुनारा को तोड दिया। बताया जाता है कि वन सीमा तय करने संबंधित विभाग ने मुनारा बनाया था, ताकि लोगों को पता चल सके कि यह वन्य क्षेत्र है। मुनारा तोडने की शिकायत ग्रामीणों ने तात्कालीन बीट प्रभारी और डिप्टी रेंजर से की थी, लेकिन तालाब निर्माण एजेंसी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### ट्रक ने खड़ी टैंकर को मारी टक्कर

**महासमुंद।** एनएच-53 पर कोडार काष्ठागार के सामने डिवाइडर में रोपे गए पौधों में पानी डालने के लिए खड़ी टैंकर को तेज रफ्तार ट्रक ने चपेट में ले लिया। पुलिस के मुताबिक शनिवार सुबह काष्ठागार के सामने हुई। इस घटना में ट्रक क्रमांक जीजे 15 एटी 4615 के चालक अमीर पिता सलीमुद्दीन घायल हो गया। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। बाद उनके खिलाफ धारा 279 के तहत अपराध दर्ज किया गया।

### महिला से 3 लीटर शराब बरामद

**महासमुंद।** कस्तूरबहाल में महुआ शराब बेचने के लिए ग्राहक तलाश रही महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया। सिंघोड़ा पुलिस के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर आरोपी 30 वर्षीय महिला के कब्जे से घर के सामने ही प्लास्टिक जरीकेन में रखी 3 लीटर महुआ शराब बरामद की। जिस पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### वृद्ध से अंग्रेजी शराब बरामद

**महासमुंद।** तुमगांव नहर नाली के पास प्लास्टिक थैले में शराब लेकर जा रहे वृद्ध को पुलिस ने पकड़ा। जानकारी के मुताबिक शनिवार शाम सवा पांच बजे पुलिस ने श्मशान घाट नहर नाली के पास वृद्ध को रोककर तलाशी ली। इस दौरान नयापारा अछरीडीह निवासी कलाराम पिता विश्राम टंडन (65) के कब्जे से 3.240 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। जिस पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### सड़क हादसे में ग्रामीण की मौत

**महासमुंद।** बसना क्षेत्र के बिजराभांठा रोड चौक के पास सड़क हादसे में तरेकेला निवासी जगदल नेताम की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक 10 मई की शाम साढ़े 7 बजे जगदल पत्नी व बच्चे को लेने दोपहिया से ससुराल नवागांव जाने घर से निकला था। रात 9 बजे बिजराभांठा के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# लोगों की शिकायत पर स्वास्थ्य मंत्री दोपहिया वाहन से शहर के भ्रमण पर निकल पड़े

### निर्माणाधीन सड़क, नाली सहित अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया

**रायपुर।** सरगुजा के प्रभारी मंत्री टी.एस. सिंहदेव मंगलवार को आमजनों की शिकायत पर अपना चार पहिया का काफिला छोड़ दोपहिया वाहन से ही शहर के भ्रमण पर निकल पड़े। शहर के भ्रमण के दौरान मंत्री ने निर्माणाधीन सड़क, नालियों सहित अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण करने के साथ-साथ लोगों की समस्याओं भी सुनी।

मंत्री श्री सिंहदेव के पास अंबिकापुर के स्थानीय लोगों ने निर्माणाधीन सड़क व नालियों की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें आई थी। इन





शिकायतों पर गंभीरता दिखाते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्री सिंहदेव आज अपना चार पहिया वाहनों का काफिला छोड़कर स्वयं दोपहिया वाहन चलाकर शहर के भ्रमण पर निकल पड़े। श्री सिंहदेव हेलमेट लगाकर स्कूटी में सवार होकर निकले। उनके साथ उनकी सुरक्षा में तैनात पुलिस जवान व अन्य लोग भी दोपहिया में ही उनके साथ रहे। भ्रमण के दौरान श्री सिंहदेव करीब 11 किलोमीटर के निर्माणाधीन रिंग रोड का निरीक्षण करते हुए जगह-जगह पर रुक कर लोगों से नाली, सड़क सहित अन्य समस्याओं की जानकारी भी ली। मंत्री टी.एस. सिंह देव के दौरे की जानकारी मिलने पर लोग भी रिंग रोड पर जगह-जगह एकत्रित हो गए थे और रोड व नाली की गुणवत्ता को लेकर मंत्री को जानकारी दे रहे थे। कई जगह पर रुककर मंत्री ने रिंग रोड पर धूल से परेशान लोगों को राहत देने अपने सामने सफाई तक करवाई और निगम के कर्मचारियों को नियमित सफाई हेतु निर्देशित किया।

ज्ञात हो कि भाजपा के सत्ता में रहते हुए 96 करोड़ की लागत से 11 किमी की रिंग रोड का निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है। इस सड़क का कार्य जून 2018 में पूर्ण होना था, लेकिन धीमी गति से चल रहे काम एवं विधानसभा चुनाव के चलते इसका काम आधे में ही रूक गया था। अब इस रिंग रोड का निर्माण तेज गति से चल रहा है।

## छै माह से नाली निकासी बन्द होने से बीमारी का खतरा

**रायपुर।** स्वच्छता के नाम पर वाहवाही लुटने वाली छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर निगम प्रशासन असली तस्वीर स्वच्छता के दावों को खोखला साबित करती हुई साफ देखी जा सकती है द्य रायपुर नगर निगम स्वच्छता अभियान के तहत कई पुरस्कार जीत चुकी है वहीं दूसरी ओर रायपुर के मोवा इलाके में नाली निकासी बंद किये जाने की वजह से लोग काफी परेशान हैं ।

विगत कई वर्षो से नाली का पानी अंतिम छोर पर खुले प्लाट में निकलता था भूमि स्वामी अपने प्लाट में नाली निकासी को बंद कर दिया है। निकासी नहीं होने के कारण धीरे धीरे पानी मोहल्ले में ही जमा होते जा रहा है रुके हुए नाली के गंदे पानी से मोहल्लेवासियों को बीमारी का खतरा सता रहा है।साथ ही मच्छरों एवं बिलबिलाते कीड़े से मोहल्ले वासी बहुत ही ज्यादा परेशान है।

## आज कुछ ट्रेनें रद्द एवं कुछ ट्रेनों को रिशेड्यूल करने से लोग हुए परेशान

**रायपुर।** अलग-अलग कारणों से मंगलवार को कुछ ट्रेनें रद्द रही, वहीं कुछ ट्रेनों को रीशेड्यूल कर चलाया जा रहा है।

रायपुर रेल मंडल से मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग-जगदलपुर के मध्य चलने वाली गाड़ी 18211 आज दुर्ग से रद्द रही। इस गाड़ी के आज रद्द रहने के कारण 15 तारीख को जगदलपुर से दुर्ग के लिए रवाना



होने वाली गाड़ी 18212 भी रद्द रहेगी। बताया गया कि दुर्ग स्टेशन पर होल्डिंग लाइन पर एक कमपोजिट पिट लाइन बनाई जा रही है। इस लाइन के बनने से इन फ्यूचर दुर्ग में 3 पिट लाइन मिलेगी जिससे रेल परिचालन में और गतिशीलता आएगी।

इसी प्रकार रायपुर से विशाखापटनम जाने वाली गाड़ी 58527 रायपुर-विशाखापटनम पैसेंजर, टिटलागढ़-रायपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर गाड़ी 58217-58218, बिलासपुर से तिरूपति के लिए जाने वाली गाड़ी 17481 बिलासपुर-तिरूपति एक्सप्रेस एवं अजमेर से छूटने वाली गाड़ी 18422 अजमेर-पुरी आज रद्द रही।

इसी प्रकार गाड़ी 12855 बिलासपुर-इतवारी इंटरसिटी को आज 90 मिनट रीशेड्यूल कर रवाना किया जाएगा, वहीं 18426 दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस को 4 घंटे का रीशेड्यूल कर दुर्ग से शाम 6.10 बजे के स्थानपर रात 8.10 बजे रवाना किया जाएगा।

## जिला प्रशासन की विभिन परियोजनाओं में भागीदारी देने जशपुर आये पंचायत राजदूत

**जशपुर।** देश के ख्यातिप्राप्त शैक्षणिक संथाओं और विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत 15 युवाओं का एक दल जशपुर में जिला प्रशासन द्वारा संचालित पंचायत राजदूत कार्यक्रम में अपनी सहभागिता के लिए यह आया हुआ है।


इन पंचायत राजदूतों का चयन जिला प्रशासन जशपुर ने अंतर राष्ट्रीय स्तर पर एक्सप्रेशन आफइंटरेस्ट (ईओआई) के द्वारा उनकी योग्यता के आधार पर किया गया है।ये पंचायत राजदूत जिला प्रशासन की विभिन्न परियोजनाओं और यह कि




भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियों का अवलोकन एवम अध्ययन कर यहाँ के विकास मे तकनीकी सहायता प्रदान करेंगे। पंचायत राजदूत जिले में दो माह रहेंगे और इस दौरान वह यहाँ की स्थिति के अनुरुप विकास के कार्यक्रमों को बेहतर तरीके संचालित करने के संबंध में प्रशासन और मैदानी अमले के साथ मिलकर काम करेंगे। कलेक्टर ने बताया कि ये पंचायत राजदूत विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों जैसे टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज मुंबई, हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, दिल्ली यूनिवर्सिटी, बनारस, हिंदू यूनिवर्सिटी, सिम्बायोसिस लॉ स्कूल पुणे, एनआईटी जमशेदपुर, आईआईटी से आए हैं। इनकी विशेषज्ञता विभिन्न क्षेत्रों में है। ग्रामीण विकास और प्रशासन, सार्वजनिक नीति, राजनीति विज्ञान, संघर्ष समाधान और अर्थशास्त्र के लिए नवीन तकनीकी सहायक के रूप में काम करेंगे ।

## सीएम भूपेश बघेल आज राहुल गांधी के साथ उज्जैन में

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुबह राजधानी रायपुर लौटने के कार्यक्रम में अंतिम समय में परिवर्तन हो गया है। आज 14 मई मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेश बघेल कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ उज्जैन नीमच और खंडवा के कार्यक्रमों में भाग लेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 15 मई बुधवार को एआईसीसी के महासचिव



प्रियंका गांधी के साथ बनारस में कांग्रेसी उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करेंगे। ज्ञात हो कि आज सीएम श्री बघेल को सुबह राजधानी रायपुर लौटना था। लेकिन तय कार्यक्रम को अचानक बदलना पड़ा। मुख्यमंत्री श्री बघेल आज उज्जैन में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं।

## शराब दुकान से लाखों रुपए लेकर फरार सेल्समैन को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जांजगीर चाम्पा।** जिले में राहौद के सरकारी शराब दुकान से 4 लाख 16 हाजर रुपये लेकर फरार होने वाले आरोपी को मुखबीर की सूचना पर शिवरीनारायण पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से चोरी किये गए रकम में से 3 लाख 98 हजार 650 रुपये नगदी और 15 हजार का मोबाइल जब्त किया गया है। आरोपी नीलकमल को उसके घर मालखरौदा थाना क्षेत्र के नवागांव से गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि राहौद शराब दुकान के सुपरवाइजर ने 10 मई को शिवरीनारायण थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि शराब दुकान का सेल्समैन नीलकमल खूंटे दो दिन के बिक्री का पैसा 4 लाख 16 हजार लेकर फरार हो गया है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर आरोपी।की तलाश शुरू की इसी दौरान आज मुखबीर से आरोपी के घर मे मौजूद होने की सूचना पर दबिश देकर आरोपी नीलकमल को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 409 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। मुखबिर ने मंगलवार को पुलिस को सूचना दी थी कि वह अपने गांव नवापारा में छिपा है।

## प्रदेश में अब तक 7 लाख 42 हजार मानक बोरा तेन्दूपत्ता संग्रहित

### अवैध रूप से आने वाले तेन्दूपत्ता पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश

**रायपुर।** प्रदेश के वनांचल क्षेत्रों में तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्य तेजी से चल रहा है। चालू सीजन में 16 लाख 71 हजार मानक बोरा संग्रहण के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 7 लाख 42 हजार मानक बोरा तेन्दूपत्तें का संग्रहण किया जा चुका है। अपर मुख्य सचिव वन, श्री सी.के. खेतान ने संग्रहण कार्य की समीक्षा के दौरान वन



अधिकारियों को संग्रहण कार्य की सतत् मॉनिटरिंग और पारिश्रमिक भुगतान समय पर करने के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव वन ने अधिकारियों से कहा कि पड़ोसी राज्यों से अवैध रूप से तेन्दूपत्ता आवक की संभावना को देखते हुए कड़ी निगरानी रखी जाए। बैठक में प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने बताया कि तेन्दूपत्ता संग्रहण के चालू सीजन में संग्राहक परिवारों को कुल 700 करोड़ रूपए का पारिश्रमिक भुगतान किया जाना है। इसके लिए धनराशि की व्यवस्था कर ली गई है। उन्होंने बताया कि तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवारों को 375 करोड़ रूपए की राशि भुगतान के लिए जिला यूनियनों को भेजी गई है। यह राशि समितियों में भुगतान के लिए स्थानांतरित कर दी गई है। दंतेवाड़ा, दक्षिण कोण्डागांव, केशकाल एवं नारायणपुर जिला यूनियनों में शत्-प्रतिशत संगहण लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है।

## सलमान की भारत में सिर्फ एक सीन है मेरा : तब्बू

बॉलिवुड की बेहतरीन अदाकारा तब्बू इन दिनों अजय देवगन के साथ रिलीज़ होने वाली फिल्म दे दे प्यार दे के प्रमोशन में जुटी हैं। अपनी शर्तो और दोस्तों के साथ काम कर खुश रहने वाली तब्बू, सलमान खान की फिल्म भारत में भी नजर आएंगी। फिल्म भारत का



ट्रेलर सामने आ गया है, लेकिन फिल्म के ट्रेलर से तब्बू गायब हैं। तब्बू के ट्रेलर में न दिखने को लेकर लोगों ने कई तरह के कयास लगाए, लेकिन अब तब्बू ने खुद बताया है कि वह ट्रेलर से क्यों गायब हैं। फिल्म दे दे प्यार दे के प्रमोशनल इंटरव्यू के दौरान तब्बू ने कहा, मैं फिल्म भारत के प्रमोशन के दौरान आप लोगों से मुलाकात नहीं कर पाऊंगी, इसकी वजह है फिल्म में मेरा बहुत ही छोटा सा रोल है, फिल्म में सिर्फ एक सीन है मेरा, अब एक सीन के लिए क्या बात करूंगी आप लोगों से। ट्रेलर में मुझे न देखकर हर कोई हैरान है। फिल्म के निर्माता भूषण कुमार ने बताया था कि तब्बू भारत में सलमान खान की बहन के रोल में नजर आएंगी।

फिल्मों के चुनाव को लेकर तब्बू कहती हैं, अब हर फिल्म में तो काम नहीं कर सकती, जो भी कहानी मेरे पास आती है, उन कहानियों में बेस्ट का चुनाव करना पड़ता है।

दे दे प्यार दे के बारे में तब्बू कहती हैं, यह एक अलग तरह की कहानी है, रिश्तों में जो कॉम्प्लिकेशंस होते हैं, उन्हें किरदारों में अलग तरह से दिखाया गया है। फिल्म में मेरा किरदार बेहद स्ट्रांग है। तब्बू, अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह स्टारर दे दे प्यार दे को भूषण कुमार और लव रंजन ने प्रड्यूस किया है। यह फिल्म 17 मई को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

## मुझे भी अवेंजर्स में स्पाइडर मैन का रोल मिलेगा : टाइगर श्रॉफ

बॉलिवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ से सवाल किया गया कि आपने बहुत कुछ अचीव कर लिया है, लेकिन क्या कोई ऐसा सपना या गोल है, जिसे अचीव करना चाहते हैं। सवाल बेहद आसान था, लेकिन इस सवाल का जवाब देने से



पहले टाइगर ने पहले तो खुद को रोक लिया। जवाब देते हुए उन्होंने खुद को साबित करने और आज तक मिले अचीवमेंट को पर्सेंटेज में बताने में लगे रहे। बाद में एक झटके में टाइगर ने कहा कि उनका गोल और सपना है कि मार्वल्स की फिल्म में वह स्पाइडर मैन का रोल करें। जवाब देते हुए टाइगर कहते हैं, मेरे सपने और गोल तो बहुत बड़े-बड़े हैं, मुझे लगता है 90प्रशित, नहीं 50प्रतिशत तक पहुंच गया हूं, लेकिन लालच तो हमेशा रहेगा।

## सबसे पहले होगी डाक मतों की गणना

**कोरबा।** लोकसभा निर्वाचन 2019 के तहत आगामी कोरबा संसदीय क्षेत्र के लिए 23 मई को जिला मुख्यालय के आईटी कालेज में मतगणना होगी। सुबह आठ बजे से शुरू होने वाली मतगणना में सबसे पहले डाक मत पत्रों की गिनती शुरू की जायेगी। डाक मतपत्रों की गिनती में आधा घंटे से अधिक का समय लगने पर समानांतर रूप से ईव्हीएम मशीनों से भी मतगणना शुरू हो जायेगी। मतगणना के लिए सभी आवश्यक तैयारियां प्रारंभ हो गई है। इसी कड़ी में आज यहां जिला पंचायत के सभाकक्ष में कोरबा जिले की चार विधानसभा और बिलासपुर के मरवाही विधानसभा तथा कोरिया जिले के सभी रिटर्निंग आफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी और जिलों के मास्टर टेऊनर्स को मतगणना की बारिकियों से रू-ब-रू कराने प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से आए मास्टर ट्रेनर श्री आशीष कुमार टिकरिहा, श्री पुलक भट्टाचार्य और श्री मनीष मिश्रा ने मतगणना के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, वीवीपैट से वोटो की गिनती, सारणीकरण व उसकी डेटा एन्ट्री, मतगणना के लिए प्रशासनिक व सुरक्षा व्यवस्था, गणनाकर्मी और गणना अभिकर्ता की नियुक्ति, डाक मतपत्रों की गणना, प्रमुख वैधानिक प्रावधान, मतगणना केन्द्रों में आधारभूत संरचना की व्यवस्था, परिणामों की घोषणा और अनुगामी कार्यवाही तथा मतगणना पूरी होने के बाद ईवीएम और निर्वाचन सामग्रियों को सील करने के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण में कोरबा जिले की कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल. कोरिया जिले के कलेक्टर श्री विलास भोस्कर संदीपान सहित इन तीनों जिलों की विधानसभाओं के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर व मास्टर टेऊनर्स उपस्थित थे।